CLASS: III
SESSION NO : 5
SUBJECT : (HINDI)
CHAPTER NAME : हंस और कछुआ
SUB – TOPIC- कहानी विश्लेषण तथा नए शब्द

पाठ -३ हंस और कछुआ



ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

सीखने का उद्देश्य

सही क्रम के अनुरूप पठन शैली का ज्ञान होना।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

3 हंस और कछुआ

चिंतन–मनन

मुसीबत में मौन रहना ही श्रेष्ठ है।

मगध देश में फुल्लोत्मल नामक तालाब में संकट और विकट नाम के दो हंस रहते थे। उसका एक कछुआ मित्र भी वहाँ रहता था। उस तालाब में बहुत सारी मछलियाँ भी रहती थीं।

एक बार कुछ मछुआरे वहाँ से गुज़र रहे थे। उनकी निगाह तालाब में तैर रही मछलियों पर पड़ी।  मछुआरों ने आपस में विचार करके

तय किया कि वे अगले दिन आकर तालाब की मछलियों और

कछुए को पकड़ेंगे।

संकट और विकट ने मछुआरों को आपस में बात करते सुन लिया

था, इसलिए उन्होंने यह बात  मछलियों और  कछुए को बता दी।

 कछुआ यह सुनकर घबरा गया। वह अपने बचाव का उपाय सोचने

लगा। उसे लगा कि उसे यह तालाब शीघ्र ही छोड़ देना चाहिए।

उसने हंसों से निवेदन किया कि वे उसे वहाँ से ले जाएँ, लेकिन

हंस कछुए को वहाँ से कहीं और कैसे ले जाते? कछुए

को तो उड़ना ही नहीं आता था। बहुत सोच-विचारकर उन्होंने एक योजना

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

बनाई।  हंसों ने कछुआ से कहा कि वे एक  लकड़ी लेकर उसके दोनों सिरों को अपनी-अपनी चोंच में दबा लेंगे और कछुआ उस लकड़ी को अपने मुँह से बीच में से पकड़ लेगा। कछुए ने हंसों की योजना मान ली। हंसों ने उसे बोलने से मना कर दिया था। वे तीनों उड़ चले। जब वे एक गाँव के ऊपर से उड़ रहे थे, तो नीचे कुछ बच्चे पतंग उड़ा रहे थे। सभी बच्चे ऊपर का दृश्य देखकर चकित रह गए। गाँव में खूब शोर मच गया। बच्चे उनके पीछे-पीछे भागने लगे और आपस में बात करने लगे।

एक बच्च बोला—"देखो! कैसा अद्भुत दृश्य है।"

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

दूसरा

बोला—"अगर यह

गिर पड़े, तो मैं इसे अपने घर में ले जाकर पालूँगा।"

तीसरा

बोला—"नहीं, मैं तो इसे पकड़ लूँगा और कहीं जाने नहीं दूँगा।"

सबकी बात सुनकर बेचैन हो रहा था। उसे

की बातें सुनकर गुस्सा भी आ रहा था। उससे बोले बिना रहा नहीं गया। वह अपना संयम खो बैठा और गुस्से में आकर बोला—"तुम क्या खाक पकड़ोगे मुझे!" इतना कहना था कि वह ज़मीन पर गिर पड़ा और मर गया।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

हंस और कछुआ कहानीका विश्लेषण सहज तथा सरल भाषा में

बहुत समय पहले की बात है मगध देश में फुलोत्मल नामक तालाब में संकट और विकट नाम के दो हंस रहते थे ।उन दोनों का एक कछुआ मित्र भी वहाँ रहता था। उस तालाब में बहुत सारी दूसरी रंगीन मछलियाँ भी वहाँ रहती थी । एक दिन कुछ मछुआरे वहाँ से गुजर रहे थे उनकी नजर उन रंगीन मछलियों पर पड़ी, उन रंगीन मछलियों को देखकर मछुआरों के मन में लालच जाग उठा और उन्होंने यह तय किया कि अगले दिन सुबह आकर उन मछलियों को तथा कछुए को पकड़ कर ले जाएँगे। जब मछुआरे आपस में यह सारी बातें कर रहे थे तब संकट और विकट उसी समय तालाब में तैर रहे थे और उन्होंने उनकी सारी बातों को सुन लिया और जाकर रंगीन मछलियों को तथा कछुए को बता दिया।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

हंस और कछुआ कहानी का विश्लेषण सहज तथा सरल भाषा में

अपने मित्रों की बात सुनकर कछुआ बिचारा घबरा गया उसने सोचा मुझे जल्दी यह जगह छोड़ देनी चाहिए, और बिचारा बड़ी दुखी मन से अपने मित्रों के पास गया और उनसे प्रार्थना करने लगा है मित्रों इस मुसीबत के समय में तुम्हें ही मेरी मदद करनी होगी मुझे यहाँ से कहीं दूर ले चलो, इतने भारी कछुए को दोनों हंस कैसे ले जा सकते थे, बहुत सोचने के बाद उन्होंने एक तरकीब निकाली। एक डंडे के दोनों सिरों को दो हंस अपने मुँह में दबाएँगे तथा कछुआ अपने मुँह से डंडे के बीच के भाग को जोर से अपनी मुँह की मदद से पकड़ेगा और दोनों हंस कछुए को उड़ा कर ले जाएँगे योजना के मुताबिक ऐसा ही हुआ दोनों हंस कछुए को लेकर आसमान में उड़ने लगे।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

हंस और कछुआ कहानी का विश्लेषण सहज तथा सरल भाषा में

कुछ देर उड़ने के बाद एक गाँव दिखा जाहाँ पर कुछ बच्चे खेल रहे थे उन्होंने जब हंस तथा कछुए को उड़ते हुए देखा उन्होंने इसका मजा लेने के लिए जोर जोर से चिल्लाते हुए आपस में बातें करने लगे। एक बच्चा बोला अरे देखो कैसा अनोखा दृश्य है, दूसरा बच्चा कहता है काश यह कछुआ गिर पड़े तो मैं इसे ले जाकर अपने घर में पालूँगा , तीसरा कछुआ कहता है अगर मुझे मिल जाए तो मैं इसे पकड़ लूँगा और उसे कहीं नहीं जाने दूँगा, बच्चों की बात सुनकर कछुआ को गुस्सा आ गया और उसने अपना मुँह खोल कर कहा मुझे पकड़ोगे बस जैसे ही कछुए ने अपना मुँह खोला वह जमीन पर गिर गया और मर गया। कछुए को मुँह न खोलने के लिए हंसों ने मना किया था फिर भी उसने अपना मुँह खोला और मर गया।

ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

गृह कार्य

पठन कराए गए पाठ का सही उच्चारण के साथ पठन अभ्यास करें

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

अध्ययन के परिणाम

कहानी पठन के बाद बच्चों मैं नैतिक मूल्यों का विकास हो पाएगा।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing Your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow